संख्या- 98 /2017 / 1746 /चार-2017-33 (बजट)/ 2015

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 29 अगस्त, 2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 में उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार परिसर में आर्काइबल गैलरी के निर्माण कराये जाने की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 1545/सं0नि0-6(90)/2014-15 दिनांक 21 अगस्त, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार परिसर में आर्काइबल गैलरी के निर्माण कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद , निर्माण इकाई, हरदोई द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 1615.67 लाख का परीक्षण प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा करते हुए कार्य की मूल्यांकित लागत रू0 1219.51 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-27/2016/87/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 15 फरवरी, 2016 द्वारा रू0 200.00 लाख, शासनादेश संख्या-140/2016/1144/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 03 अगस्त, 2016 द्वारा रू0 150.00 लाख तथा शासनादेश संख्या-18/2017/2750/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 07 मार्च, 2017 द्वारा रू0 150.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 500.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 400.00 लाख (रूपये चार करोड मात्र) का बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि रू0 287.80 लाख (रूपये दो करोड सत्तासी लाख अस्सी हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-27/2016/87/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 15 फरवरी, 2016, शासनादेश संख्या-140/2016/1144/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 03 अगस्त, 2016 तथा शासनादेश संख्या-18/2017/2750/चार-2016-33(बजट)/2015 दिनांक 07 मार्च, 2017 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक -4202 -शिक्षा,खेलकूद,कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -800-अन्य व्यय -33-उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ परिसर में आर्काइवल गैलरी निर्माण -24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017 दिनांक 02 जनवरी, 2017 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव

http://gnasandesh.up.nic.in/

संख्या- /2017/ 1746 /चार-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ ।
6- महाप्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद , लखनऊ।
7- परियोजना प्रबन्ध, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, निर्माण इकाई, हरदोई।
8- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लुटावन राम)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/